हवा में उड़ता जाए रे मेरा राम दुलारा,
राम दुलारा माता अंजनी का प्यारा,
राम दुलारा माता जानकी का प्यारा,
हवा में उड़ता जाए रे मेरा राम दुलारा...

एक दिन देखा मैंने अवधपुरी में,
अवधपुरी में रामा अवधपुरी में,
राम की लगन लगाए रे मेरा राम दुलारा,
हवा में उड़ता जाए रे मेरा राम दुलारा...

एक दिन देखा मैंने पम्पापुरी में,
पम्पापूरी में रामा पम्पापुरी में,
सुग्रीव से प्रीत लगाए रे मेरा राम दुलारा,
हवा में उड़ता जाए रे मेरा राम दुलारा...

एक दिन देखा मैंने सुमिरु पर्वत पे,
सुमिरु पर्वत पे रामा सुमिरु पर्वत पे,
संजीवन बूटी लाये रे मेरा राम दुलारा,
हवा में उड़ता जाये, मेरा राम दुलारा....

एक दिन देखा मैंने लंका पुरी में,
लंकापुरी में रामा लंकापुरी में,
सोने की लंका जलाये रे मेरा राम दुलारा,
हवा में उड़ता जाये, मेरा राम दुलारा...

एक दिन देखा मैंने आकाशपुरी में,
आकाशपुरी में रामा आकाशपुरी में,
सूरज को निगल जो डाले रे मेरा राम दुलारा,
हवा में उड़ता जाये, मेरा राम दुलारा...